


नवभारत

छिंदवाड़ा, गुरुवार 1 जनवरी, 2026




**बैठक** बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रेक्षा पाठक एवं प्रियंक मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे

# कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**पांढुर्णा/31 दिसंबर,** जिले में सुशासन को सुदृढ़ करने और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक में विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा संपन्न, विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली का गहन मूल्यांकन किया।




बैठक में लंबित प्रकरणों, जनशिकायतों और विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी ।कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्व, विकास और लोककल्याण से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए प्रशासन द्वारा त्वरित एवं ठोस कदम उठाए जा रहे हैं ।कलेक्टर श्री वशिष्ठ के मार्गदर्शन में सौंसर में नवीन केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिसके लिए अनुविभागीय अधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है।वहीं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नवीन फायर स्टेशन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी सतत रूप से आगे बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम बडचिचोली में विद्यालय तक 600 मीटर पक्की सड़क तथा ग्राम देवी में हनुमान मंदिर के समीप नाले पर पुलिया निर्माण के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। बजट उपलब्धता एवं स्वीकृति उपरांत कार्य पूर्ण किए जाने की बात स्पष्ट की गई।

वनग्राम रामूढाना को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने के संबंध में कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने संबंधित तहसीलदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर प्रक्रिया को गति प्रदान की ।स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास से जुड़े प्रकरणों में कलेक्टर श्री वशिष्ठ की संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। ग्राम रायबासा की आवेदिका अनीता धुर्वे को विकलांग सहायता योजना के अंतर्गत जनवरी 2026 के दूसरे सप्ताह में जबलपुर अथवा पाढर में निशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजे जाने तथा वाहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

लाड़ली बहना योजना अंतर्गत ग्राम तिगांव की मंगला देवाशे के प्रकरण में आई तकनीकी त्रुटि को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा ग्राम पंचायत सचिव को आईडी सुधार हेतु निर्देशित किया गया ।ग्राम माल्हूड के नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी एवं बिजली की सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पत्र लिखकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सीएम हेल्पलाइन (181) के अंतर्गत 500 एवं 1000 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद पांढुर्णा को उनके संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के कड़े निर्देश दिए ।शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्राप्त ज्ञापनों एवं आवेदनों के निराकरण हेतु जिले में नवीन एवं प्रभावी व्यवस्था लागू की गई है। अवैध रेत उत्खनन की शिकायतों पर कलेक्टर श्री वशिष्ठ के मार्गदर्शन में खनिज विभाग ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में केवल स्वीकृत खदानों से ही पर्यावरण अनुमति के पश्चात ई-रॉयल्टी के माध्यम से खनन किया जा रहा है।

सड़क दुर्घटना पीड़ितों के हित में 'नगदी रहित उपचार योजना 2025' लागू किए जाने की जानकारी देते हुए बताया गया कि इससे आपात स्थिति में पीड़ितों को तत्काल उपचार सुविधा उपलब्ध हो सकेगी ।कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग से संबंधित जानकारी अपर्याप्त पाए जाने पर कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने आवश्यक विवरण एकत्र कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा जल व्यवस्था एवं अमरावती रोड की खराब स्थिति से अवगत कराए जाने पर कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने समस्या को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही के संकेत दिए।

बैठक के अंत में कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता, पारदर्शिता और ईमानदारी से करें, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ आमजन तक समयबद्ध रूप से पहुँच सके।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रेक्षा पाठक एवं प्रियंक मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपनी मांगों को लेकर अतिथि शिक्षक देंगे तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन

**नव भारत न्यूज**

**पांढुरना,31दिसंबर,** अपनी लंबित मांगो को लेकर लंबे समय से शांति पूर्वक मांग करने वाले अतिथी शिक्षक अब धरणा आंदोलन की राह अपनाएंगे ,प्रदेश संगठन के आव्हान पर पांढुरना जिले के भी अतिथीं शिक्षक जिला नगर मुख्यालय में तीन दिनों तक अपनी मांगों को लेकर धरना देंगे ।अतिथि शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रवि पाटिल द्वारा बताया कि प्रदेश शिक्षक संघ के तत्वाधान में मध्य प्रदेश के समस्त जिला स्तर पर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन,आमरण अनशन, रैली ज्ञापन आंदोलन करने के आव्हान पर पांढुर्णा नगर जिला मुख्यालय में भी 2 से 4 जनवरी 2026 तक जिला स्तर पर प्रदेश भर के अतिथि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अपनी लंबित मांग अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर भविष्य सुरक्षित करने एवं अन्य तात्कालिक समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन, आमरण अनशन ज्ञापन रैली करने जा रहा है श्री पाटिल ने पांढुर्णा जिले के समस्त जिला ब्लाक संकुल अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों सहित आम अतिथि शिक्षक शिक्षिकाओं से आव्हान किया है कि अपने हक और अधिकार को पाने हेतु उक्त आंदोलन में 2 से 4 जनवरी तक प्रतिदिन अपनी उपस्थिति रहने की अपील की हैं ।

# आज गौ पुष्टि महायज्ञ पूजा

**पांढुरना,31 दिसंबर,**पावन अखंड दीप प्रज्वलन शताब्दी समारोह के सफलतम आयोजन हेतु 1जनवरी 2026 दिन गुरुवार को प्रात: 9बजे से शाम 4.00बजे तक गायत्री परिवार द्वारा संचालित मां भगवती गौशाला उमरी खुर्द-पांढुरना में गौ पुष्टि महायज्ञ एवं एक दिवसीय युवा चिंतन कन्या/किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया है।

# जलसंसाधन विभाग में पदस्थ उपयंत्री जैन के सेवानिवृत्ती पर दी विदाई



**नवभारत न्यूज**

**सौंसर 31 दिसम्बर,** आज जल संसाधन विभाग सौसर में पदस्थ उपयंत्री सुनील जैन को सेवानिवृत्ति दी गई। बिदाई समारोह में जैन सहपरिवार उपस्थित हुए। इस अवसर पर एसडीओ श्रीमती संजना चौधरी द्वारा शाल तथा श्रीफल देकर स्वागत किया गया ।इस अवसर पर उपयंत्री मो. फैय्याज, उपयंत्री अनिकेत विश्वकर्मा, उपयंत्री शशांक दुबे, स्थल सहायक श्रीराम फरकाडे, स्टाफ में हैदर खान,राहुल घाटोंड, खलील अंसारी, मनोहर कुकडे तथा ऋषिराम तिवारी उपस्थित थे।

# मोहगांव के वार्ड नंबर 8 में भीषण आग

## घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक

**नवभारत न्यूज**

**सौंसर**.नप.मोहगांव के वार्ड नंबर 08 में बुधवार को अज्ञात कारणों से एक मकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में घर के भीतर रखा फ्रिज और गृहस्थी का कीमती सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। राहत की बात यह रही कि जिस वक्त आग लगी, उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई।

**पड़ोसियों और जनप्रतिनिधियों ने दिखाई तत्परता**

जानकारी के अनुसार, यह मकान आशीष खडसे का है। दोपहर के समय अचानक घर से धुआं और लपटें उठती देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जागरूक वार्ड वासियों और पड़ोसियों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों और फायर ब्रिगेड को दी।



**कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू**

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते सामान जलने लगा। मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। सभी के संयुक्त प्रयासों से आग पर पूरी तरह काबू पाया गया और इसे आस-पास के घरों में फैलने से रोका गया।

**नुकसान का आकलन जारी**

फिलहाल आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है। कयास लगाए जा रहे हैं कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ होगा। पीड़ित मकान मालिक आशीष खडसे के अनुसार, घर में रखा फ्रिज और अन्य दैनिक उपयोगी सामान पूरी तरह नष्ट हो गया है। प्रशासन को घटना की जानकारी दे दी गई है, जिसके बाद नुकसान का वास्तविक आकलन किया जाएगा।

# सांसद बंटी विवेक साहू ने दिवांगत जनों को श्रध्दांजलि अर्पित की, लोगों के सुख दुख में शामिल हुए सांसद

**छिंदवाड़ा।** जिलेवासियों और अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू बुधवार को अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच लोगों के सुख दुख में भी शामिल हुए ।व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर आमजनों और अपने कार्यकर्ताओं के साथ पारिवारिक माहौल में चर्चा करना सांसद श्री साहू के स्वभाव में शामिल हैं। इसी के तहत नेर निवासी गरव सिंह चौधरी के सुपुत्र स्वर्गवासी रणधीर रघुवंशी की सड़क दुर्घटना में आकिस्मिक मृत्यु होने के पश्यात उनके निवास पहुँचकर दुख व्यक्त किया, यहां उन्होंने शोक संतृप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएं जताई और मृतात्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए परमपिता परमेश्वर से उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना की। वही जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमित सक्सेना के निवास पहुँच कर उनके स्वस्थ्य की जानकारी ली। सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम सारना में स्वर्गीय विक्रांत चौधरी (मिंटू पटेल) के आकस्मिक निधन के उपरांत उनके निज निवास पहुँच कर अपनी शोक संवेदनाएँ व्यक्त की। वही स्वर्गीय प्रकाश साहू के आकस्मिक निधन के उपरांत उनके निज निवास पहुँच कर अपनी शोक संवेदनाएँ व्यक्त की साथ ही विकास साहू (युवा मोर्चा मंडल महामंत्री) के पिताजी स्वर्गीय रवि साहू जी के आकस्मिक निधन होने के उपरांत अनके निवास पहुँच कर दुख व्यक्त किया।

# खैरे कुनबी समाज संगठन के वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन



**नवभारत न्युज**

**सौंसर 31 दिसम्बर** आज जिला स्तरीय खैरे कुनबी समाज सुधारक संघठन की बैठक का आयोजन सुधाकर चिरखे शिक्षक,एवं उमाजी पोपटे के सयुक्त प्रयास से चिरखे निवास पर आयोजित कि गई ,जिसमें रामाकोना, निमनी, रोहना,सौसर,गुजरखेड़ी, बेरडी, छिंदवाडा,सायरा,काजलवानी, सावली के पदाधिकारी के उपस्थिति में नये वर्ष 2026 का खैरे कुनबी समाज सुधारक संघठन का कलेंडर का विमोचन समाज के वयोवृद्ध भाऊराव चौधरी एवं भाऊराव खारकर के उपस्थिति में किया गया। जिसमें संतोष चौधरी उपसरपंच ब्लॉक अध्यक्ष सौसर , नारायण ढांकने अध्यक्ष छिंदवाडा,नामदेव पाल मंडल अध्यक्ष रामाकोना , रामकृष्ण चौधरी अध्यक्ष रामाकोना, एवं समाज के अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।समाज के वार्षिक कलेंडर सभी ग्राम के समितियों को वितरित करने हेतु ,संचालक मंडल पहुंचाने का प्रयास करने का निर्णय लिया गया ।



# सेवानिवृत्ति पर अशोक लव्हाले का सम्मान, गायत्री मंदिर में दी गई विदाई

**नवभारत न्यूज**

**पिपलानारायणवार 31** दिसम्बर-शासकीय होम्योपैथी औषधालय, रिधोरा में वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले कर्मचारी अशोक लव्हाले के सेवानिवृत्त होने पर गायत्री मंदिर, पीपला नारायणवार में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्री लव्हाले को शाल एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने श्री लव्हाले के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी एवं पूर्ण समर्पण के साथ किया। उनका शांत, सरल एवं सेवाभावी स्वभाव सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा है, जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा। विदाई समारोह में कैलाश चौधरी, किशोर चौधरी , राजेश चेडगे, मदन बनसोड, बाबा ठाकरे, सागर येमदे, केशव साहू महाराज, राजू चौरे , सुधाकर कामडे, रामराव बेडे ज्योति देशभरतार , प्रकाश ठाकरे, पंकज मोरे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जाम सावली दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो घायल

**नवभारत न्यूज**

**सौसर 31 दिसंबर,** सौसर थाना क्षेत्र अंतर्गत रोहणा जोड़ के पास बुधवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिछुआ ब्लॉक के कुछ श्रद्धालु बाइक पर सवार होकर सुप्रसिद्ध चमत्कारिक जाम सावली हनुमान मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान रोहणा जोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।



**टाइगर ग्रुप ने पहुँचाया अस्पताल:** हादसे के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस और टाइगर ग्रुप को दी। सूचना मिलते ही टाइगर ग्रुप की एम्बुलेंस मौके पर पहुँची और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल सौसर ले जाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर स्थिति और चोटों को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रेफर कर दिया है।

**जाँच में जुटी पुलिस**

घटना की जानकारी मिलते ही सौसर थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल घायलों का उपचार जारी है और पुलिस दुर्घटना के कारणों की जाँच कर रही है।

# परिवार के संस्कारों पर आधारित होती व्यवसाय की धरोहर

**नागपुर, व्यापार प्रतिनिधि.** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा 'नेक्स्टजेनप्रेन्यूर 3.0' नामक राष्ट्रीय बिजनेस कॉन्क्लेव में शनिवार का दिन एक नई रोशनी लेकर आया. अपनी 4थी व 5वीं पीढ़ी के उद्यमियों ने न केवल व्यवसाय के अपने मुल्यों और सिंद्धांतों को साजा किया, बल्कि युवाओं व्यावासाय करने की नई ऊर्जा और शक्ति दी. माहेश्वरी समाज के देश के प्रतिष्ठित कॉरपोरेट हाउस एवं उद्योगपतियों ने अपने विचार पैनल चर्चा और प्रेजेंटेशन के जरीए विचार रखें. गिमाटेक्स इंडस्ट्रीज के एमडी एवं विदर्भ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत मोहता ने अपने कॉटन व्यावसाय को कैसे आगे बढ़ाया इसके गुर बताए. पारिवारिक धरोहर को आगे बढ़ाते हुए कार्यप्रणाली में नवाचार को अपनाते हुए उन्होंने प्रोडक्ट प्रेजेंटेशन, विश्वास, ब्रांडिंग से अपने व्यावसाय को आगे बढ़ाया. पहले ग्राहकों को प्रोडक्ट को समझाना होगा. सामाजिक दायित्व से ग्राहकों के साथ संबंध बनाने होंगे. वे बोले प्रत्येक पीढ़ी को पहले रेप्यूटेशन कमाती है, फिर पैसे कामाना सरल हो जाता है. जिससे व्यावसाय करना सरल हो जाता है. मूल्यों से समझौता न करें, भले की काम करने का तरीका बदलना पड़े.

**ग्रोथ का माइंडसेट आवश्यक**

जिमेटिक्स इंडस्ट्रीज के एमडी पंकज सारडा ने बताया कि कैसे अपने पुश्तेनी पीतल के बर्तनों के व्यावसाय को उन्होंने डूबने से बचाया और इसके अलावा भंडारा जैसे शहर में रहकर भी उन्होंने अपने व्यावसाय का विस्तार ही नहीं बल्कि दुनिया में नाम कमाया. विस्तार और ग्रोथ का माइंडसेट आवश्यक होता है,

# सड़क दुर्घटनाओं में 7 पतिशत की कमी

## मृत्यु दर 21 फीसदी घटी, परिवहन विभाग की पहलों से मिली सफलता

**नागपुर, शहर प्रतिनिधि.** वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में नागपुर शहर में सड़क दुर्घटनाओं में 7 प्रतिशत और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 21 प्रतिशत की कमी आयी है. क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, नागपुर (शहर) द्वारा पूरे वर्ष सड़क सुरक्षा के लिए कई पहलें लागू की गईं. आरटीओ की इन पहलों को सफलता मिली. वर्ष 2024 में जनवरी से नवंबर के बीच शहर में कुल 1,143 सड़क दुर्घटनाएं हुईं. इनमें 316 लोगों की मृत्यु हुई और 1,165 लोग घायल हुए. वहीं वर्ष 2025 में जनवरी से नवंबर के बीच कुल 1,059 सड़क दुर्घटनाएं हुईं. इनमें 250 लोगों की मृत्यु हुई और 1,045 लोग घायल हुए. अर्थात पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 7 प्रतिशत, दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 21 प्रतिशत और घायलों में 10 प्रतिशत की कमी आयी. पूरे राज्य में दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने में नागपुर शहर पहले स्थान पर है. कई स्कूलों और कॉलेजों समेत अनेक संस्थाओं में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों के बारे में कार्यशालाएं आयोजित की गईं. आरटीओ अधिकारियों द्वारा स्कूल और कॉलेजों में यातायात नियमों और यातायात संकेतों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया.

**5.79 करोड़ जुर्माना वसूला, 285 लाइसेंस रद्द**

मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 10,379 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई और 5 करोड़ 79 लाख 90 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया. स्कूल बस निरीक्षण अभियान में अप्रैल से नवंबर 2025 तक 337 स्कूल बसों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 43.84 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया. शराब पीकर गाड़ी चलाना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना, सिग्नल तोड़ना, क्षमता से अधिक सामान ढोना आदि अपराधों के लिए 285 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए. परिवहन कार्यालय के मोटर वाहन निरीक्षक तुषारी बोबड़े, सतीश नवघरे, पवन बानबाकडे, विशाल भोवते और सहायक मोटर वाहन निरीक्षक राहुल वंजारी, ओमकार मेश्राम, जयंत कारेमोरे आदि ने विभिन्न निरीक्षण अभियानों को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए.

# निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

**नवभारत न्यूज**

**सौंसर 31 दिसम्बर,** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जन्म जयंती पर संदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सौसर में हुए निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया । जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमें निबंध प्रतियोगिता के प्रथम विजेता पीयूष संजय वैद्य को 5001 द्वितीय विजेता मेघना संजय मेहत्रे को 3001 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार विजेता मेघा गोपाल गोडमारे को 2001 रुपए का पुरस्कार मुख्य अतिथि संदीप मोहोड ,विद्यालय प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा जिला महामंत्री पांढुरना देवेंद्र गायकवाड ,भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेक गायकवाड, रामाकोना मंडल भाजपा अध्यक्ष नामदेव पाल आदि के शुभ हस्ते प्रदान किया गया ।इस प्रतियोगिता में कुल 29 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम के प्रमुख प्रवक्ता माननीय संदीप मोहोड ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अपने जीवन को सुदृढ बनाने एवं अटल बिहारी जी के चरित्र को अपने जीवन में आत्मासात करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विवेक गायकवाड ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा ने भी उनकी कविताओं एवं उनके बहुमुखी प्रतिभा के व्यक्तित्व को प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य हेतु प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन अनुराधा परिहार एवं उपप्राचार्य संजय गवनेकर के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



कार्यक्रम में कक्षा 9वी से 12वीं तक के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकीय स्टाफ में प्रियंका पटेल, दिव्या मोहोड प्रिंसी तिवारी, कुसुम पवार, दिनेश्वर गौतम ,संजय पाडोले अरविंद उईके आदि उपस्थित थे।